Rapid Fire करेंट अफेयर्स (30 May)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-may-30

- सरकार की ओर बनाई गई एक उच्चस्तरीय समिति ने **एलिफैंट बॉण्ड** लाने की सिफारिश की है। इस समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को सौंपी। यह सिफारिश वित्त मंत्रालय के पास भेजी जाएगी, जिसके पास इस सिफारिश पर फैसला लेने का अधिकार है। इस एलिफैंट बॉण्ड का इस्तेमाल **कालेधन को वैध बनाने** के लिये किया जा सकेगा। इसमें लगाईं गई **आधी रकम** सरकार ले लेगी अर्थात् कोई व्यक्ति इसके तहत एक करोड़ रुपए के कालेधन को सफेद करना चाहता है तो उसे बदले में 50 लाख रुपए ही मिलेंगे, लेकिन वह सफेद धन होगा। अनुमान है कि बाज़ार में अभी भी भारी मात्रा में कालाधन है और यह पता लगाना काफी मुश्किल है कि यह किन-किन लोगों के पास है। पिछली सरकार ने कालेधन को वैध बनाने के लिये दो योजनाएँ चलाई थीं, लेकिन इनमें 70,150 करोड़ रुपए ही मिले। IDS योजना में सरकार को 65,250 करोड़ रुपए मिले थे। PMGKY योजना में 25% धन को सरकारी प्रतिभूतियों में 4 साल के लिये रखना था और इसमें सरकार को केवल 4,900 करोड़ रुपए ही मिले।
- अमेरिका के राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** 27 मई को जापान के नए सम्राट **नारुहितो** से मुलाकात करने वाले **पहले विदेशी नेता** बन गए। चार दिन की यात्रा पर जापान गए अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी की अगवानी **इंपीरियल पैलेस** में एक समारोह के दौरान सम्राट नारुहितो और साम्राज्ञी मसाको ने की। गौरतलब है कि सम्राट नारुहितो की इसी साल 1 मई को ताजपोशी हुई थी, जिसे **रेवा युग** कहा जाता है। इससे पहले जापान के सम्राट अकिहितो थे, जो 200 वर्षों में जापान के राजपरिवार में अपना पद अपनी इच्छा से छोड़ने वाले पहले सम्राट थे। दरअसल, स्वास्थ्य कारणों के चलते अकिहितो ने अपने सबसे छोटे बेटे 59 वर्षीय नारुहितो को राजगद्दी सौंप दी थी।
- Indian Council of Medical Research **(ICMR)** के महानिदेशक **डॉ. बलराम भार्गव** को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये डॉ. ली जोंग-वुक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में 72वीं **विश्व स्वास्थ्य सभा** में इस पुरस्कार से सम्मानित किया को यह पुरस्कार चिकित्सक, प्रर्वतक, शोधकर्त्ता और प्रशिक्षक के रूप में उनके योगदान के लिये दिया गया। वर्तमान में वह स्वास्थ्य अनुसंधान, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के विभाग के सचिव और एम्स नई दिल्ली में कार्डियोलॉजी के प्रोफेसर हैं। इसके अलावा वह स्टैनफोर्ड इंडिया बायोडिज़ाइन सेंटर, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बायोडिज़ाइन, नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक भी हैं।
- हाल ही में चीन के उपराष्ट्रपति वांग किशान पाकिस्तान के दौरे पर गए थे। पाकिस्तान-चीन संस्थान द्वारा आयोजित एक बैठक में **चीन के उपराष्ट्रपति** ने कहा कि विश्व ऐसे दौर से गुज़र रहा है जब प्रमुख बदलाव एवं घटनाएँ हो रही हैं, लेकिन चीन हमेशा पाकिस्तान के मुख्य हितों के पक्ष में खड़ा रहेगा और इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य किस तरह से बदलता है। जब वर्ष 2015 में चीन-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर (**CPEC**) बनाने का ऐलान हुआ था तो पाकिस्तान ने इसे देश के लिये 'गेमचेंजर' बताया था। CPEC परियोजना 15 साल (2015-30) के लिये बनाई गई थी, जिसमें मूलभूत ढाँचा व बिजली से जुड़ी तमाम योजनाएँ शामिल हैं। 2018 तक 22 परियोजनाओं पर 18 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं जिनमें से 10 पूरी हो चुकी हैं। इन 10 परियोजनाओं में से सात बिजली और तीन सड़क निर्माण से जुड़ी योजनाएँ शामिल हैं।

- अमेरिका और इंग्लैंड के बाद मुंबई (भारत) में विश्व प्रसिद्ध **ऑस्कर पुरस्कारों** का तीसरा ऑफिस खुलेगा। यह घोषणा ऑस्कर अवार्ड कमेटी के चेयरमैन **जॉन बैली** ने अपनी हालिया भारत यात्रा के दौरान की। इस ऑफिस में दादा साहब फाल्के की मूर्ति भी स्थापित की जाएगी। ऑस्कर का कोई प्रेसीडेंट 90 वर्षों में पहली बार भारत आया था। ज्ञातव्य है कि अकादमी पुरस्कार को ही ऑस्कर के नाम से जाना जाता है। यह पुरस्कार विश्व का सबसे बड़ा फिल्म पुरस्कार माना जाता है। अमेरिकन अकादमी ऑफ़ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज़ (AMPAS) द्वारा फिल्म उद्योग में निर्देशकों, कलाकारों और लेखकों सहित पेशेवरों की उत्कृष्टता को पहचान देने के लिये यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- विश्व बैडमिंटन में सिरमौर माने जाने वाले चीन ने 26 मई को चीन के नेनिंग में खेले गए फाइनल में जापान को 3-0 से हराकार 11वीं बार **बैडमिंटन टूर्नामेंट सुदीरमन कप** का खिताब जीत लिया। इससे पहले चीन ने वर्ष 1995, 1997, 1999, 2001, 2005, 2007, 2009, 2011, 2013 और 2015 में सुदीरमन कप अपने नाम किया था। सुदीरमन कप बैडमिंटन का मिक्स्ड टीम इवेंट है। इसमें महिला और पुरुष दोनों खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। 1989 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट के 16 संस्करण अब तक हो चुके हैं, जिनमें से 11 खिताब चीन ने जीते हैं, दक्षिण कोरिया ने चार और इंडोनेशिया ने एक बार यह खिताब जीता है।